# प्रथम सूचना रिपोर्ट

(अन्तर्गत धारा 154 दण्ड प्रकिया संहिता)

1. जिला भ्र0नि0 ब्यूरो, श्रीगंगानगर .......थाना :– प्रधान आरक्षी केन्द्र, भ्र.नि.ब्यूरो, जयपुर वर्ष :– 2022
प्र0सू0रि0 सं 387/2022 दिनांक 22.09.2022

2. (1) अधिनियम...**भ्रष्टाचार निवारण अधि. 1988**.............धाराए...... धारा 13(1),(सी),(डी), 13(2)
(2) अधिनियम...**भ्रष्टाचार निवारण अधि. संशोधन 2018** धारा 7 (सी), 13 (1), (ए) सपठित 13(2)
(3) अधिनियम..............**भादंसं**...................... धाराएं ......**409, 420, एवं 120 बी** ..........................
(4) अधिनियम.......................................... .........धाराएं.........................................................................
(5) अन्य अधिनियम एवं................................धाराएं.....................................................................

3. (क) घटना का दिन :– ........................दिनांक :– 01.04.2015 से 24.10.2018 तक................समय : ............
(ख) थाने पर प्राप्त सूचना प्राप्त होने की दिनांक :– ...................................समय : .......................................
(ग) रोजनामचा संदर्भ प्रविष्टि संख्या ....523........ समय....7:05 pm

4. सूचना कैसे प्राप्त हुई :– (लिखित/मौखिक) लिखित। परि.सं. 68/19 दिनांक 05.03.2019

5. घटनास्थल का ब्यौरा :–
(क) थाने से दिशा एवं दूरी – चौकी से दक्षिण दिशा पश्चिम–दक्षिण बफासला करीब 55 किलोमीटर ।
बीट संख्या................................................................जुरामदेही सं..................................................................
(ख) पता :– ग्राम पंचायत गंगुवाला पंचायत समिति रायसिंहनगर जिला श्रीगंगानगर।
(ग) यदि इस थाने की सीमा से बाहर हो, तब उस थाने का नाम.............................जिला ....................................

6. शिकायतकर्त्ता/इतिला देने वाला :–
(क) नाम :– चिन्मयी गोपाल, आई.ए.एस.
(ख) पिता/पति का नाम :––
(ग) जन्म तिथि/उम्र :– –
(घ) राष्ट्रीयता – भारतीय
(ड़) पासपोर्ट संख्या.........................जारी करने की तिथि................................जारी करने का स्थान.........................
(च) व्यवसाय – आई.ए.एस.
(छ) पता :– तत्कालीन मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् श्रीगंगानगर।

7. ज्ञात/संदिग्ध/अज्ञात अभियुक्तों का पूर्ण विवरण :–

1. श्री विनोद कुमार पुत्र श्री भागीरथ जाति नायक निवासी कुम्हारांवाली पोस्ट आफिस गंगुवाला तह. रायसिंहनगर जिला श्रीगंगानगर तत्कालीन सरपंच ग्राम पंचायत गंगुवाला पंचायत समिति रायसिंहनगर जिला श्रीगंगानगर।
2. श्री प्रवीण कुमार पुत्र श्री कृष्णलाल उम्र 33 वर्ष निवासी वीपीओ गंगुवाला जाटान तहसील रायसिंहनगर जिला श्रीगंगानगर तत्कालीन (कनिष्ठ सहायक) तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी पंचायत समिति रायसिंहनगर जिला श्रीगंगानगर।
3. अन्य अधिकारी/कर्मचारी।

8. शिकायत/इतिला देने वाले द्वारा सूचना देने में देरी का कारण :– कोई नहीं

9. चोरी हुई/लिखित सम्पति की विशिष्ठया( यदि अपेक्षित हो तो अतिरिक्त पन्ना लगायें )....................

आरोपीगणों द्वारा अवधि 01.04.2015 से 24.10.2018 के दौरान आपराधिक सहभागिता के तहत अपने–अपने पदों का दुरूपयोग करते हुऐ पंचायत समिति रायसिंहनगर अधीन ग्राम पंचायत गंगुवाला में विभिन्न बिल/बाउचर, मस्टरोल आदि का रोकड़ बही में बिना बाउचर भुगतान दर्शाना, सरपंच द्वारा अग्रिम राशि का उदरत रूप में भुगतान उठाकर गबन करना, वास्तविक मानदेय से अधिक राशि उठाकर गबन करना तथा ग्राम पंचायत में करवाये गये विभिन्न निर्माण कार्यों में मस्टरोल अपूर्ण होते हुऐ भी भुगतान उठाना आदि आरोप है।

10. चोरी हुई/लिखित सम्पति का कुल मूल्य :– ..........................................................................................

11. पंचनामा/यूडी के संख्या (अगर हो तो )........................................................................................................

12. प्रथम सूचना रिपोर्ट की विषय वस्तु :–

महोदय,

निवेदन है कि मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद् श्रीगंगानगर के पत्र क्रमांक जिपग/पंचायत/2018-19/1222 दिनांक 22.10.2018 की अनुपालना में ग्राम पंचायत गंगुवाला पंचायत समिति रायसिंहनगर के मनरेगा व अन्य निर्माण कार्यों के रिकार्ड की समीक्षा किये जाने हेतु गठित जांच दल जिसमें श्री सुनील झोरड़ समन्वयक मनरेगा, श्री दलीप सिंह जाखड़ सहायक सांख्यिकी अधिकारी, विजय कुमार सहायक लेखाधिकारी, प्रेम सुन्दर अग्रवाल अधिशाषी अभियन्ता मनरेगा तथा अरविन्द सहारण सहायक अभियन्ता शामिल थे, के द्वारा जारी जांच प्रतिवेदन की प्रति मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद श्रीगंगानगर द्वारा अपने कार्यालय के पत्र क्रमांक 5872 दिनांक 24.12.2018 के द्वारा ग्राम पंचायत गंगुवाला पंचायत समिति रायसिंहनगर जिला श्रीगंगानगर प्रवीण कुमार कनिष्ठ सहायक व अन्य के विरूद्ध भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच हेतु मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने की अनुशंषा सहित ब्यूरो मुख्यालय में प्रेषित किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद श्रीगंगानगर द्वारा ग्राम पंचायत गंगुवाला के उक्त अभिलेखों की गठित जांच दल द्वारा समीक्षा कर प्रस्तुत जांच रिपोर्ट में रिकार्ड/केशबुक/दस्तावेजों/मस्टरोल/बिल वाउचर्स एवं निर्माण कार्यों के मार्फत बड़े स्तर में फर्जीवाड़े के अन्तर्गत लगभग 36.67 लाख रूपये की वसूली/गबन किया जाना माना गया। इस शिकायत पर ब्यूरो मुख्यालय जयपुर से पत्र क्रमांक 2330-31 दिनांक 05.03.2019 से परिवाद संख्या 68/2019 दिनांक 05.03.2019 दर्ज होकर सत्यापन हेतु चौकी हाजा पर प्राप्त होने उपरान्त निर्देशानुसार परिवाद में मन पुलिस निरीक्षक द्वारा सत्यापन किया गया।

सत्यापन के दौरान उक्त जांच कमेटी द्वारा ग्राम पंचायत गंगुवाला पंचायत समिति रायसिंहनगर के लेखों की जांच के संबंध में जारी समीक्षा रिपोर्ट/जांच रिपोर्ट दिनांक 05.11.2018 की प्रमाणित प्रति प्राप्त की गयी। जांच कमेटी द्वारा जारी जांच प्रतिवेदन में ग्राम पंचायत गंगुवाला के रिकार्ड दिनांक 01.04.2015 से 24.10.2018 तक की समीक्षा का जांच रिपोर्ट में निम्नानुसार अनियमितताऐं एवं गबन कर भ्रष्टाचार किये जाने के आरोप वर्णित किये गये।

1. जांच रिपोर्ट के बिन्दु संख्या 1(अ) के अनुसार जांच के दौरान पाये गये बिल/वाउचर/मस्ट्रोल आदि जिनका रोकड़ बही में नगद भुगतान होना दर्शाया गया है लेकिन वास्तव में नगद भुगतान व अन्य प्रकार की अनियमितता के कारण सम्बन्धित व्यक्ति को भुगतान किये जाने के प्रमाण स्वरूप बिल/वाउचर संलग्न नही किये गये अथवा संलग्न दस्तावेज भुगतान होने की पुष्टि नही करते है। जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र सं | वाउचर नं. दिनांक | मद/कार्य/फर्म का नाम | भुगतान राशि | नगद/चैक | रोकड़ बही पृसं | वसूली राशि | वि0वि0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NA/01.04.15 | वास्ते फोटो स्टेट मिट्टी भर्ती कार्य | 1616 | नगद | 1 | 1616 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान गबन की श्रेणी में आता है। |
| 2 | 04/ 11.04.2015 | इन्टर लोकिंग सड़क बस स्टेण्ड कुम्हारावाली | 25740 | नगद | 4 | 25740 | मस्ट्रोल नं. 1375 उपलब्ध रिकॉर्ड में नहीं पाया गया। |
| 3 | 05/ 11.04.2015 | गणेश आयरन को भुगतान जेजेवाई मोटर मरम्मत | 19800 | नगद | 4 | 19800 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान गबन की श्रेणी में आता है। |
| 4 | 07/ 17.04.2015 | बीकानेर मिष्ठान भण्डार | 13300 | नगद | 6 | 13300 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान गबन की श्रेणी में आता है। |
| 5 | 08ए/ 17.04.2015 | बीकानेर मिष्ठान भण्डार चाय नाश्ता | 10000 | नगद | 6 | 10000 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान गबन की श्रेणी में आता है। |
| 6 | 10/ 18.04.2015 | डिग्गी की मुंडेरी का कार्य रामावाली | 5238 | नगद | 7 | 5238 | मस्ट्रोल नं. 780 उपलब्ध रिकॉर्ड में नहीं पाया गया। |
| 7 | 11/ 18.04.2015 | निम्मा राम / बहादुर राम डिग्गी सफाई | 12000 | नगद | 7 | 12000 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | गबन की श्रेणी में आता है। |
| 8 | 12/ 23. 04.2015 | वाटरवर्क्स चारदिवारी दक्षिण दिशा 59आरबी | 65312 | नगद | 8 | 65312 | मस्ट्रोल नं. 651– 652 कार्य की उपलब्ध पत्रावली के रिकॉर्ड में नहीं पाया गये। |
| 9 | 13/ 23. 04.2015 | खड़वंजा निर्माण पंचायत घर से चौंक तक | 25272 | नगद | 8 | 25272 | मस्ट्रोल नं. 2991 उपलब्ध रिकॉर्ड में नहीं पाया गया, पंस रायसिंहनगर का समायोजन आदेश संख्या 11341–45 दिं–30.11.15 द्वारा जारी इसके मुताबिक गोश्वारे में भी उक्त मस्टर रोल अंकित है। |
| 10 | 14/ 23. 04.2015 | खड़वंजा निर्माण पंचायत घर से चौंक तक | 8300 | नगद | 8 | 8300 | मस्ट्रोल नं. 2992 उपलब्ध रिकॉर्ड में नहीं पाया गया, पंस रायसिंहनगर का समायोजन आदेश संख्या 11341–45 दिं–30.11.15 द्वारा जारी इसके मुताबिक गोश्वारे में भी उक्त मस्टर रोल अंकित है। |
| 11 | 24ए/ 30.04. 2015 | खड़वंजा निर्माण नत्थूराम के घर से चरणदास के घर तक | 14000 | नगद | 12 | 14000 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान गबन की श्रेणी में आता है। |
| 12 | 25/ 30. 04.2015 | खड़वंजा निर्माण 59आरबी | 17010 | नगद | 12 | 17010 | मस्ट्रोल नं. 555 उपलब्ध रिकॉर्ड में नहीं पाया गया। |
| 13 | 26/ 30. 04.2015 | बालाजी टैंट हाउस को भुगतान | 23000 | नगद | 12 | 23000 | ग्राम सभा मय गणतंत्रता दिवस पर चाय नाश्ता आदि हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर इतना व्यय नियमानुकूल नहीं है। |
| 14 | 29/ 07. 05.2015 | जसपाल सिंह मिस्त्री | 19380 | नगद | 14 | 19380 | मोटर वाईडिंग हेतु पीएचईडी के तकनीकि अधिकारी द्वारा रिपेयरिंग हेतु मोटर पर व्यय राशि कार्य से पूर्व अनुमति एवं कार्य के पश्चात् भुगतान प्रमाणित होनी आवश्यक है। |
| 15 | 32/ 15. 05.2015 | स्टेडियम चारदिवारी | 36348 | नगद | 17 | 36348 | मस्ट्रोल नं. 1726 उपलब्ध रिकॉर्ड में नहीं पाया गया। |
| 16 | 33/ 15. 05.2015 | स्टेडियम चारदिवारी | 21580 | नगद | 17 | 21580 | मस्ट्रोल नं. 1727 उपलब्ध रिकॉर्ड में नहीं पाया गया। |
| 17 | 36/ 18. 05.2015 | खड़वंजा सड़क निर्माण शिवजी डेरे तक | 14692 | नगद | 18 | 14692 | कार्य की प्रशासनिक/ तकनिकी/वित्तीय स्वीकृति के अभाव में भुगतान देय नहीं है। |
| 18 | 36ए/ 18.05. 2015 | सेठिया ब्रादर्स रायसिहनगर | 5000 | नगद | 18 | 5000 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान गबन की श्रेणी में आता है। |
| 19 | 49/ 04. 06.2015 | स्टेडियम चारदिवारी | 36348 | नगद | 22 | 36348 | मस्ट्रोल नं. 1728 उपलब्ध रिकॉर्ड में नहीं पाया गया। |
| 20 | 49/ 04. 06.15 | स्टेडियम चारदिवारी | 21280 | नगद | 22 | 21280 | मस्ट्रोल नं. 1729 उपलब्ध रिकॉर्ड में नहीं पाया गया। |
| 21 | 50/04. 06.2015 | मिट्टी भर्ती खडवंजा......... शिवजी के डेरे तक | 10500 | नगद | 22 | 10500 | कार्य की प्रशासनिक/ तकनिकी/वित्तीय स्वीकृति के अभाव में भुगतान देय नहीं है। |
| 22 | 51/04. | विनोद कुमार/ | 29200 | चैक | 22 | 29200 | कार्य की प्रशासनिक/ |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 06.2015 | मनफुल को मिट्टी भर्ती कार्य रा.उ.प्रा. वि. 59आरबी हेतु भुगतान | | संख्या 881255 | | | तकनिकी/वित्तीय स्वीकृति के अभाव में भुगतान देय नहीं है। |
| 23 | 52/04. 06.2015 | विनोद कुमार/ मनफुल मिट्टी भर्ती कार्य उप स्वास्थय केन्द्र हेतु भुगतान | 15600 | चैक संख्या 881257 | 22 | 15600 | कार्य की प्रशासनिक/ तकनिकी/वित्तीय स्वीकृति के अभाव में भुगतान देय नहीं है। |
| 24 | अंकित नही/06. 06.2015 | भुगतान बाबत दुरूस्ती जनता जल योजना | 10000 | नगद | 25 | 10000 | कार्य की प्रशासनिक/ तकनिकी/वित्तीय स्वीकृति के अभाव एवं भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान गबन की श्रेणी में आता है। |
| 25 | अंकित नही/06. 06.2015 | भुगतान बाबत मरम्मत एंव साफ सफाई पेयजल डिग्गी | 10000 | नगद | 25 | 10000 | कार्य की प्रशासनिक/ तकनिकी/वित्तीय स्वीकृति के अभाव एवं भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान गबन की श्रेणी में आता है। |
| 26 | 61/06. 06.2015 | चाय नाश्ता विशेष ग्राम सभा | 10000 | नगद | 25 | 10000 | ग्राम सभा में चाय नाश्ता आदि हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर इतना व्यय नियमानुकूल नहीं है |
| 27 | 63/06. 06.2015 | पुरूस्कार वितरण समारोह 26.01. 2016 | 10000 | नगद | 25 | 10000 | नियमानुसार ग्राम पंचायत स्तर पर यह भुगतान देय नहीं है। |
| 28 | 67ए/06 .07.2015 | गणेश आयरन स्टोर मोटर रिपेयर हेतु भुगतान | 33000 | चैक नम्बर 769826 | 28 | 33000 | कार्य की प्रशासनिक/ तकनिकी/वित्तीय स्वीकृति के अभाव में भुगतान देय नहीं है एवं मोटर रिपेयरिंग आदि कार्य हेतु पीएचईडी के तकनीकि अधिकारी द्वारा रिपेयरिंग हेतु मोटर पर व्यय राशि कार्य से पूर्व अनुमति एवं कार्य के पश्चात् भुगतान प्रमाणित होनी आवश्यक है। |
| 29 | 70/06. 07.2015 | दलीप कुमार/ रूड़ाराम को सरकारी भवनों में पानी फीटिंग हेतु भुगतान | 50000 | चैक नम्बर 769838 | 28 | 50000 | कार्य की प्रशासनिक/ तकनिकी/वित्तीय स्वीकृति के अभाव में भुगतान देय नहीं है एवं कार्य किस उदेश्य के लिए किया गया है स्पष्ट नहीं है एवं सक्षम अधिकारी से स्वीकृति हेतु आवश्यक दस्तावेज सलग्न नहीं है। |
| 30 | 73/21. 08.15 | मिट्टी भर्ती राजकीय विद्यालय परिसर गंगूवाला में | 15000 | नगद | 30 | 15000 | कार्य की प्रशासनिक/ तकनिकी/वित्तीय स्वीकृति के अभाव में भुगतान देय नहीं है। |
| 31 | 74/25. 08.15 | चाय-नाश्ता विशेष ग्राम सभा | 20000 | नगद | 31 | 20000 | ग्राम सभा में चाय नाश्ता आदि हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर इतना व्यय नियमानुकूल नहीं है |
| 32 | 76/31. 08.15 | मिट्टी भर्ती रोड़ के दोनों तरफ | 10000 | नगद | 32 | 10000 | कार्य की प्रशासनिक/ तकनिकी/वित्तीय स्वीकृति के अभाव में भुगतान देय नहीं है। |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | 77/03.09.15 | मिट्टी भर्ती मुख्य चौक से गंगूवाला | 10000 | नगद | 32 | 10000 | कार्य की प्रशासनिक/तकनिकी/वित्तीय स्वीकृति के अभाव में भुगतान देय नहीं है। |
| 34 | 81/08.09.15 | तावणियां मिष्ठान भण्डार | 20000 | नगद | 33 | 20000 | भुगतान किस कार्य पेटे किया गया है इसका कोई विवरण रोकड़ बही एवं बिल में अंकित नही किया गया है राशि गबन करने के उदेश्य से आहरित की गई प्रतीत होती है। |
| 35 | 82/08.09.15 | बीकानेर स्वीट हाउस, चाय–नाश्ता ग्रामसभा में | 15500 | नगद | 33 | 15500 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान गबन की श्रेणी में आता है। |
| 36 | 90/16.09.15 | साफ सफाई कार्य हेतु | 10000 | नगद | 35 | 8000 | यदि कार्य पेटे 10 मजदूरों को नियमानुसार 200/– रूपये प्रतिदिन के अनुसार 2000/– रूपये तक पारित योग्य है। |
| 37 | अंकित नही/21.09.15 | फूल इन्डस्ट्रीज श्रीगंगानगर | 45000 | चैक नम्बर 30915 | 35 | 45000 | कार्य की प्रशासनिक/तकनिकी/वित्तीय स्वीकृति के अभाव में भुगतान देय नहीं है। |
| 38 | 98/ 08.10.2015 | प्रवीण कुमार/कृष्ण लाल को डोंगल रिचार्ज हेतु भुगतान | 13140 | चैक नम्बर 511751 | 38 | 13140 | डोंगल रिचार्ज हेतु इतना बड़ा भुगतान तर्कसंगत नहीं है। |
| 39 | 103/06.11.2015 | विनोद कुमार को जेजेवाई में साफ सफाई कार्य हेतु | 10000 | चैक नम्बर 511761 | 38 | 10000 | कार्य की प्रशासनिक/तकनिकी/वित्तीय स्वीकृति के अभाव में भुगतान देय नहीं है एवं भुगतान प्राप्तकर्ता का बिल वाउचर नहीं हैं। |
| 40 | 104/06.11.2015 | विनोद कुमार/हजारीराम डिग्गी की साफ सफाई | 15800 | चैक नम्बर 511767 | 38 | 15800 | कार्य की प्रशासनिक/तकनिकी/वित्तीय स्वीकृति के अभाव में भुगतान देय नहीं है। |
| 41 | 105/06.11.2015 | विनोद कुमार/हरीराम विधायक महोदया के जनसुनवाई कार्यक्रम में चायनाश्ता | 12000 | चैक नम्बर 511771 | 38 | 12000 | नियमानुसार यह भुगतान देय नहीं है। |
| 42 | 106/06.11.2015 | सहायक | 75032 | चैक नम्बर 511764 | 38 | 75032 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया तथा रोकड़ बही में भुगतान प्राप्तकर्ता का नाम एवं किस कार्य के लिए भुगतान लिया गया है अंकित नहीं है। जिससे भुगतान गबन की श्रेणी में आता है। |
| 43 | 112/07.11.15 | विनोद कुमार को मोटर बाईडिंग का भुगतान | 35000 | नगद | 39 | 35000 | मोटर वाईडिंग हेतु पीएचईडी के तकनीकि अधिकारी द्वारा रिपेयरिंग हेतु मोटर पर व्यय राशि कार्य से पूर्व अनुमति एवं कार्य के पश्चात् भुगतान प्रमाणित होनी आवश्यक है। |
| 44 | 124/01.01.16 | मस्ट्रोल नं. 1729 में 300 का अधिक | 21580 | नगद | 43 | 300 | मस्ट्रोल नं. 1729 में 21280 का भुगतान किया गया है |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | भुगतान दिखाया गया है | | | | | जबकि रोकड़ बही में 21580 दिखाकर 300 रूपये का गबन किया गया हैं। |
| 45 | 132 / 04.01.16 | आरसीसी पाईपलाईन | 36348 | नगद | 43 | 36348 | मस्ट्रोल नं. 2722 का भुगतान पुर्व में वाउचर संख्या 21 / 30.04.15 में दिखाया गया है। पुनः रोकड़ बही में भुगतान दिखाकर गबन किया गया है। |
| 46 | 133 / 04.01.16 | आरसीसी पाईपलाईन | 21580 | नगद | 43 | 21580 | मस्ट्रोल नं. 2723 का भुगतान पुर्व में वाउचर संख्या 22 / 30.04.15 में दिखाया गया है। पुनः रोकड़ बही में भुगतान दिखाकर गबन किया गया है। |
| 47 | 134+135 / 04.01.16 | चारदिवारी निर्माण दक्षिण दिशा 59 आरबी मस्ट्रोल नं. 1775 व 1776 का भुगतान | 55476 | नगद | 43 | 31356 | मस्ट्रोल नं. 1775 का भुगतान पुर्व में वाउचर संख्या 48 / 04.06.15 में दिखाया गया है। पुनः रोकड़ बही में भुगतान दिखाकर गबन किया गया है। |
| 48 | 136 / 04.01.16 | इन्टरलॉकिंग पुलिया के दोनो तरफ मस्ट्रोल नं. 1777 का भुगतान | 10755 | नगद | 43 | 10755 | मस्ट्रोल नं. 1777 का भुगतान पुर्व में वाउचर संख्या 43 / 25.05.15 में दिखाया गया है। पुनः रोकड़ बही में भुगतान दिखाकर गबन किया गया है। |
| 49 | 137+138 / 04.01.16 | मिट्टी भर्ती राजकीय विद्यालय 59 आरबी मस्ट्रोल नं. 1772, 1773 का भुगतान | 59292 | नगद | 43 | 36052 | मस्ट्रोल नं. 1772 राशि 21580 / – का भुगतान पुर्व में वाउचर संख्या 45 / 04.06.15 में दिखाया गया है। पुनः रोकड़बही में दिखाकर गबन किया गया एवं मस्ट्रोल संख्या 1772 व 1773 का 14472 / – अधिक योग लगाकर कुल राशि 36052 / – का भुगतान दिखाकर गबन किया गया है। |
| 50 | 139+140 / 04.01.16 | मिट्टी भर्ती उपस्वास्थ्य केन्द्र मस्ट्रोल नं. 1774, 1939 का भुगतान | 34020 | नगद | 43 | 18900 | मस्ट्रोल नं. 1774 राशि 18900 / – का भुगतान पुर्व में वाउचर संख्या 46 / 04.06.15 में दिखाया गया है। पुनः रोकड़बही में दिखाकर गबन किया गया। |
| 51 | 142 / 04.01.2016 | मनदीप को पांनी टैंकर चारदिवारी स्टेडियम | 12000 | नगद | 44 | 12000 | कार्य की प्रशासनिक / तकनिकी / वित्तीय स्वीकृति के अभाव में भुगतान देय नहीं है। |
| 52 | 143 / 04.01.2016 | रामप्रकाश / हरीप्रकाश ट्रेक्टर ट्राली भुगतान शिवजी डेरा | 10000 | नगद | 44 | 10000 | कार्य की प्रशासनिक / तकनिकी / वित्तीय स्वीकृति के अभाव में भुगतान देय नहीं है। |
| 53 | 144 / 04.01.2016 | मोहन लाल / हरीराम मिट्टी भर्ती पंचायत घर | 9500 | नगद | 44 | 9500 | कार्य की प्रशासनिक / तकनिकी / वित्तीय स्वीकृति के अभाव में भुगतान देय नहीं है। |
| 54 | 145 / 04.01.2016 | महेश कुमार / रामलाल मिट्टी भर्ती इन्टरलोकिंग विष्णु मन्दिर | 3000 | नगद | 44 | 3000 | कार्य की प्रशासनिक / तकनिकी / वित्तीय स्वीकृति के अभाव में भुगतान देय नहीं है। |
| 55 | 146 / 04.01.2016 | मनदीप / भींयाराम मिक्सर,वाइवरेटर विष्णु मन्दिर | 10000 | नगद | 44 | 10000 | कार्य की प्रशासनिक / तकनिकी / वित्तीय स्वीकृति के अभाव में भुगतान देय नहीं है। |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 56 | 02/11. 01.16 | महालक्ष्मी एन्टरप्राईजेज (खंड़जा सड़क निर्माण 54 आरबी से 54 आरबी ढ़ाणी तक | 160000 | चैक सं0 511794 | 02 | 160000 | पंचायत समिति द्वारा कार्य की वित्तीय स्वीकृति दिनांक 18. 12.15 को जारी की गई जबकि ग्राम पंचायत द्वारा फर्म से सामग्री का क्रय स्वीकृति से पूर्व जरिये बिल सं0 80 दि. 03.12.15 मे प्राप्त कर 11000 ईंट को कंटिग कर 50000 ईंट कर भुगतान किया गया जो गबन की श्रेणी मे आता है। |
| 57 | 09/25. 01.16 | गुरुनानक टाईल्स एन्टरप्राईजेज | 2000 | नगद | 05 | 2000 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान गबन की श्रेणी में आता है। |
| 58 | 10/27. 01.16 | तावणिया मिठाई को भुगतान | 5600 | नगद | 06 | 5600 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान गबन की श्रेणी में आता है। |
| 59 | 13/08. 02.16 | लक्ष्मण पेन्टर को भुगतान (पुलिया निर्माण) | 1000 | नगद | 07 | 1000 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान गबन की श्रेणी में आता है। |
| 60 | 14/08. 02.16 | लक्ष्मण पेन्टर को भुगतान (सड़क निर्माण.... शिवाजी के डेरे तक) | 1000 | नगद | 07 | 1000 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान गबन की श्रेणी में आता है। |
| 61 | 15/15. 02.16 | महालक्ष्मी इन्टरप्राईजेज | 1900 | नगद | 08 | 1900 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान गबन की श्रेणी में आता है। |
| 62 | 16/15. 02.16 | लक्ष्मण पेन्टर को भुगतान सड़क निर्माण..क्ष्मीनारायण के घर | 1000 | नगद | 08 | 1000 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान गबन की श्रेणी में आता है। |
| 63 | 05/15. 01.16 व 18/24. 02.16 | इन्टरलोकिंग सड़क निर्माण सुभाष थालौड़ के घर से लक्ष्मीनारायण के घर तक 55 आरबी | 47412 | नगद | 04 व 09 | 23706 | मस्ट्रोल नं. 6075 का रोकड़ बही में अलग अलग दिनांक को दो बार इन्द्राज कर राशि का गबन किया गया। |
| 64 | 21/29. 02.16 | गुरुनानक टाईल्स एन्टरप्राईजेज | 7500 | नगद | 10 | 7500 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान गबन की श्रेणी में आता है। |
| 65 | 22/29. 02.16 | शिव शटरिंग स्टोर को भुगतान (इन्टरलॉकिंग सड़क) | 2500 | नगद | 10 | 2500 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान गबन की श्रेणी में आता है। |
| 66 | 7/11. 04.16 | कार्य शमशान भूमि की चारदिवारी 59 आरबी | 39522 | नगद | 19 | 27230 | मस्ट्रोल नं. 8866 के क्रम संख्या 3,6 व 9 पर अंकित श्रमिकों को भुगतान किया गया है। शेष को नहीं किया गया है (मस्ट्रोल पर भुगतान प्राप्तकर्ताओं के हस्ताक्षर अंकित नहीं है) |
| 67 | 11/18. 04.16 | लक्ष्मण पेन्टर को भुगतान (सड़क निर्माण ..... पाल | 1000 | नगद | 22 | 1000 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सिंह के घर तक) | | | | | गबन की श्रेणी में आता है। |
| 68 | 12/18. 04.16 | शिव शटरिंग स्टोर को भुगतान (शमशान भूमि की चार दिवारी 59 आरबी) | 2400 | नगद | 22 | 2400 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान गबन की श्रेणी में आता है। |
| 69 | 13/18. 04.16 | लक्ष्मण पेन्टर को भुगतान (शमशान भूमि की चार दिवारी 59 आरबी) | 1000 | नगद | 22 | 1000 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान गबन की श्रेणी में आता है। |
| 70 | 15/26. 04.16 | गुरनानक टाईल्स इन्टरप्राईजेज (शमशान भूमि की चारदिवारी 59 आरबी) | 6000 | नगद | 23 | 6000 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान गबन की श्रेणी में आता है। |
| 71 | 23/17. 05.16 | नन्दूराम पुत्र श्री मंगला राम | 2000 | नगद | 27 | 2000 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान गबन की श्रेणी में आता है। |
| 72 | 24/23. 05.16 | चाय–नाश्ता व जलपान भुगतान | 2350 | नगद | 28 | 2350 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान गबन की श्रेणी में आता है। |
| 73 | 30/04. 07.16 | नन्दराम पुत्र श्री मंगलाराम | 1000 | नगद | 33 | 1000 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान गबन की श्रेणी में आता है। |
| 74 | 34/22. 08.16 | सीसी सड़क निर्माण मुख्य पुलिया से लेकर राजेन्द्र टाक के घर की ओर 59 आरबी | 39377 | नगद | 37 | 39377 | मस्ट्रोल नं. 325 पूरा खाली है भुगतान प्राप्तकर्ताओं के हस्ताक्षर अंकित नहीं है। सरपंच द्वारा प्रमाणित है। |
| 75 | 34/22. 08.16 | सीसी सड़क निर्माण मुख्य पुलिया से लेकर राजेन्द्र टाक के घर की ओर 59 आरबी | 39377 | नगद | 37 | 39377 | मस्ट्रोल नं. 326 पूरा खाली है भुगतान प्राप्तकर्ताओं के हस्ताक्षर अंकित नहीं है। सरपंच द्वारा प्रमाणित है। |
| 76 | 38/14. 09.16 | सीसी सड़क निर्माण मुख्य पुलिया से लेकर राजेन्द्र टाक के घर की ओर 59 आरबी | 3029 | नगद | 39 | 3029 | मस्ट्रोल नं. 327 पूरा खाली है भुगतान प्राप्तकर्ताओं के हस्ताक्षर अंकित नहीं है। सरपंच द्वारा प्रमाणित है। |
| 77 | 39/14. 09.16 | गुरुनानक टाईल्स एन्टरप्राईजेज | 7500 | नगद | 39 | 7500 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान गबन की श्रेणी में आता है। |
| 78 | 42/15. 09.16 | सोशल ऑडिट में चाय पानी व नाश्ता पर व्यय | 2000 | नगद | 40 | 2000 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान गबन की श्रेणी में आता है। |
| 79 | 43/26. 09.16 | मिक्सचर किराया व औजार किराया | 10411 | नगद | 41 | 10411 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान गबन की श्रेणी में आता है। |
| 80 | 63/05. 12.16 | चाय पानी व नाश्ता पर व्यय | 4060 | नगद | 48 | 4060 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान गबन की श्रेणी में आता है। |
| 81 | 87/16. | गंगूवाला के | 25000 | चैक सं. | 65 | 25000 | कैशबुक के मुताबिक फर्म |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 02.17 | स्टेडियम में गेट पर व्यय | | 011486 | | | विश्प ट्रेडिंग कम्पनी को भुगतान किया गया है जबकि वाउचर खाली पाया गया। फर्म का बिल नही पाया गया हैं। |
| 82 | 104/10.03.17 | चाय पानी व नाश्ता पर व्यय | 15000 | नगद | 69 | 15000 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल वाउचर पत्रावली में नहीं पाया गया। जिससे भुगतान गबन की श्रेणी में आता है। |
| 83 | 116/31.03.17 | श्रमिकों को भुगतान | 24826 | नगद | 75 | 24826 | मस्ट्रोल नं. 1597 रिकार्ड में नहीं पाया गया। |
| 84 | 19/27.07.17 | अटल सेवा केन्द्र में फर्नीचर खरीद | 74000 | नगद | 12 | 74000 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल/रसीद/पत्रावली नहीं पाई गयी। इतना बड़ा भुगतान नगद सामान्य वित्तिय एवं लेखा निमयों के अनुसार वर्जित है। |
| 85 | 42/16.08.17 | 15अगस्त को विद्यालय में बूंदी वितरण | 20000 | नगद | 25 | 20000 | 15 अगस्त को स्कूल मे बुंदी वितरण आदि हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर इतना व्यय नियमानुकूल नहीं है। |
| 86 | 44/16.08.17 | कार्य शमशान भूमि की चारदिवारी 55 आरबी | 38649 | नगद | 25 | 19435 | मस्ट्रोल नं. 13918 के क्रम संख्या 1,2,8 व 10 पर अंकित श्रमिकों को भुगतान किया गया है। शेष को नहीं किया गया है। (मस्ट्रोल पर भुगतान प्राप्तकर्ताओं के हस्ताक्षर अंकित नहीं है।) |
| 87 | 48/17.08.17 | राजीव कुमार को मिट्टी भर्ती सीसी रोड़ 56 आरबी | 10500 | नगद | 26 | 10500 | कार्य की प्रशासनिक/तकनिकी/वित्तीय स्वीकृति के अभाव में भुगतान देय नहीं है। |
| 88 | अंकित नही/18.09.17 | सीसी सड़क निर्माण मुख्य सड़क से लेकर चौक तक 56आरबी | 48555 | नगद | 27 | 48555 | मस्ट्रोल नं. 4760 विकास अधिकारी पंचायत समिति के अनुसार दिनांक 19.12.16 व पुनः दिनाक 28.03.17 को **इनलैट चैनल निर्माण <u>65 एनपी (ग्रा.प. श्यामगढ़)</u>** को जारी किया गया है जिसमें कटिंग कर दिनांक 01.09.2017 को गंगूवाला ग्रा.प. में सी सी सड़क निर्माण मुख्य सड़क से चौक तक में दिखाकर जारी होने से पूर्व दिनांक में भुगतान दिखाया गया है जो गबन की श्रेणी में आता है। |
| 89 | अंकित नहीं/04.01.2018 | अंकित नहीं है | 20000 | नगद | 30 | 20000 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल/रसीद/पत्रावली नहीं पाई गयी। एवं न ही भुगतान किस कार्य हेतु किस फर्म/पार्टी को किया गया है का वर्णन रोकड़ बही में नहीं किया गया है। |
| 90 | अंकित नहीं/30.05.2018 | बालाजी फोटो स्टेट पूर्व का भुगतान | 15600 | नगद | 38 | 15600 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल/रसीद/पत्रावली नहीं पाई गयी। |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 91 | अंकित नहीं/ 30.05. 2018 | पंचायत परिसर में साफ सफाई | 7200 | नगद | 38 | 7200 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल/रसीद/पत्रावली नहीं पाई गयी। |
| 92 | अंकित नहीं/ 30.05. 2018 | राजस्थान पत्रिका विज्ञापन भुगतान | 28000 | नगद | 38 | 28000 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल/रसीद/पत्रावली नहीं पाई गयी। |
| 93 | अंकित नहीं/ 30.05. 2018 | एस.आर. एडवरटाईजमेंट भुगतान | 7200 | नगद | 38 | 7200 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल/रसीद/पत्रावली नहीं पाई गयी। |
| 94 | अंकित नहीं/ 30.05. 2018 | बालाजी फोटो स्टेट राष्ट्रीय पर्व पुरस्कार वितरण | 9500 | नगद | 38 | 9500 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल/रसीद/पत्रावली नहीं पाई गयी। |
| 95 | अंकित नही/30. 05.18 | इंटरलोकिंग सड़क निर्माण राजकीय विधालय से लीलाधर के घर की ओर 55 आरबी | 31252 | नगद | 38 | 31252 | मस्ट्रोल नं. 25638 पूरा खाली है भुगतान प्राप्तकर्ताओं के हस्ताक्षर अंकित नहीं है। सरपंच द्वारा प्रमाणित है। |
| 96 | अंकित नही/30. 05.18 | इंटरलोकिंग सड़क निर्माण राजकीय विधालय से लीलाधर के घर की ओर 55 आरबी | 31252 | नगद | 38 | 31252 | मस्ट्रोल नं. 25639 पूरा खाली है भुगतान प्राप्तकर्ताओं के हस्ताक्षर अंकित नहीं है। सरपंच द्वारा प्रमाणित है। |
| 97 | अंकित नही/30. 05.18 | इंटरलोकिंग सड़क निर्माण राजकीय विधालय से लीलाधर के घर की ओर 55 आरबी | 9828 | नगद | 38 | 9828 | मस्ट्रोल नं. 25640 पूरा खाली है भुगतान प्राप्तकर्ताओं के हस्ताक्षर अंकित नहीं है। सरपंच द्वारा प्रमाणित है। |
| 98 | अंकित नहीं/ 30.05. 2018 | मिट्टी भर्ती कार्य 56आरबी | 26236 | नगद | 38 | 26236 | भुगतान प्राप्तकर्ता का कोई बिल/रसीद/पत्रावली नहीं पाई गयी। कार्य की प्रशासनिक/तकनिकी/ वित्तीय स्वीकृति के अभाव में भुगतान देय नहीं है। |
| | | योग | | | | **1856103** | |

2. जांच रिपोर्ट के बिन्दु संख्या 1 (ब) के अनुसार स्थानीय निधि विधायक योजना अन्तर्गत **स्वीकृत कार्य पाईपलाईन निर्माण चक 54 आरबी में व्यय राशि का रोकड़ बही अनुसार** श्रम पेटे– 157508 रूपये, सामग्री पेटे– 837000 रूपये कुल– **994508 रूपये का भुगतान दर्शाया गया है जिसका विवरण** निम्नानुसार है :–

| क्र सं | वाउचर नं. दिनांक | मद/कार्य/फर्म का नाम | भुगतान राशि | नगद/ चैक | रोकड़ बही पृ0सं0 | श्रम/ सामग्री | वि0वि0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 48/21.10.16 | भगवती प्लास्टिक स्टोर | 600000 | चैक नं. 204210 | 44 | सामग्री | बिल राशि 599980/– रूपये है जबकि भुगतान 600000/– रूपये का किया है। |
| 2. | 52/30.11.16 | मस्ट्रोल नं. **3697** श्रमिकों का भुगतान | 39377 | नगद | 46 | श्रम | |
| 3. | 53/30.11.16 | मस्ट्रोल नं. **3698** श्रमिकों का भुगतान | 39377 | नगद | 46 | श्रम | |
| 4. | 54/30.11.16 | मस्ट्रोल नं. **3699** श्रमिकों का भुगतान | 39377 | नगद | 46 | श्रम | मस्टर रोल में कम संख्या 09 पर अंकित श्रमिक द्वारा |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | 07 दिवस ही कार्य किया गया है जबकि भुगतान 13दिवस का किया गया है। अतः 197x6= 1182/– का नगद राशि के रूप में गबन किया गया है। |
| 5. | 55/30.11.16 | मस्ट्रोल नं. **3700** श्रमिकों का भुगतान | 39377 | नगद | 46 | श्रम | |
| 6. | 115/ 29.03. 17 | बालाजी इन्टर प्राईजेज श्रीगंगानगर | 225000 | चैक नम्बर 013100 | 74 | सामग्री | |
| 7. | 16/ 19.05. 17 | गणेश आयरन स्टोर | 10000 | चैक नम्बर 013495 | 8 | सामग्री | |
| 8. | 39/ 11.08. 2017 | इन्जिनियर कॉलेज बीकानेर लेब टैस्ट | 2000 | चैक नम्बर 018993 | 24 | सामग्री | |
| | | | **994508** | | | | |

(1). उक्त कार्य के सम्बन्ध में पूर्व में जाँच के चलते जिला परिषद के पत्रांक 3551–57 दिनांक 01.08.2017 की अनुपालना में गठित कमेटी के चारों सदस्यों एंव सरपंच/सचिव ग्राम पंचायत की मौजूदगी में पाईप लाईन के सेंपल प्राप्त कर सम्बन्धित सेंपल सेंट्रल इन्सटीटयूट ऑफ प्लास्टिक ईंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी एस.पी. 1298 सीतापुरा इन्डस्ट्री एरिया फेज तृतीय टोंक रोड़ जयपुर–302022 को दिनांक 21.08.2017 को भिजवाये गये (प.स.रायसिंहनगर के पत्रांक 3653 दिनांक 22.08.2017) सम्बन्धित लैब से उनके पत्र क्रमांक–सीपेट/जयपुर/2017–18/2757 दिनांक 01.09.2017 के द्वारा टेस्टिंग रिर्पोट भिजवायी गयी इस भेजी गयी रिर्पोट के आधार पर Required Specification & Test Value में अन्तर आने के कारण डाली गई पाईप निर्धारित मापदण्डानुसार नही पायी गयी है इसी के मध्यनजर जिला परिषद के पत्र क्रमांक 3841 दिनांक 26.09.2017 के द्वारा इस कार्य पर समस्त व्यय राशि को वसूली योग्य मानतें हुए सम्बन्धित सरपंच/सचिव से राशि वसूल करने हेतु पत्र जारी किया गया। सरपंच सचिव द्वारा बार–बार लिखित पत्र/नोटिस के उपरान्त राशि जमा नही करवाने के कारण तत्कालीन विकास अधिकारी द्वारा पुलिस थाना मुकलावा में मुकदमा नं0 178/14.12.2017 धारा 409 एंव 420 में वर्तमान सरपंच श्री विनोद कुमार एंव तत्कालीन सचिव श्री महिपाल के विरूद्व दर्ज करवाया गया जिसकी तफतीश जैरकार है।

(2.) इस पाईपलाईन की जांच पुर्व में गठित जांच कमेटी द्वारा करवाई गई। पुर्व गठित जांच कमेटी द्वारा मौके पर पाई गयी 8755 फीट के बदले 7425 फीट लम्बाई में पाईप लाईन बिछी होना पाई गई। जिसके तहत 6780 फीट एचडीपीई नॉन आईएसआई मार्क और 645 फीट पाईप लाईन ऑल्ड एसी पाईप बिछाई गई। गठित जांचदल द्वारा मौके पर इस पाईप लाईन के सेम्पल भरकर नियमानुसार लेबोरेट्री में भिजवाये गये।

(3.)सरपंच श्री विनोद कुमार द्वारा वसूली के सम्बन्ध में पंचायत समिति रायसिंहनगर के पत्रांक 9561 दिनांक 06.10.17 की अनुपालना में अपना स्पष्टीकरण दिनांक 23.10.17 को प्रस्तुत किया। उसके द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण पत्र में इन्जिनियर कॉलेज बीकानेर से पाईप लाईन के लिए लेब टेस्ट रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। जिसमें बताया गया कि सरपंच द्वारा भेजी गई पाईप लाईन की लेब टेस्ट रिपोर्ट आईएस:4984:1995, 7328:1992 के अनुसार क्रय की गई पाईप की डेनसीटी 952.6 किग्रा/मीटर$^3$ टेस्टिंग रिपोर्ट अंकित है। अवगत रहे कि सरपंच द्वारा पाईप लाईन के सेम्पल नियमानुसार नही भरे गये। सेम्पल भरने आदि के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभाग एवं अधिकारियों को सूचित नहीं किया तथा सेम्पल भरने की कार्यवाही नियमानुसार सीलबन्द कर नहीं भिजवाई गयी। जबकि विभाग द्वारा गठित जांचदल के माध्यम से सेम्पल सीलबन्द कर लेबोरेट्री में भिजवाये गये। सरपंच द्वारा इस प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई। इसलिए सरपंच द्वारा प्रस्तुत लेबटेस्ट रिपोर्ट इस पाईप लाईन से सम्बन्धित है या नहीं इसकी जानकारी स्पष्ट रुप से प्राप्त नहीं होती। जबकि इस पाईपलाईन की जांच पुर्व में की

जा रही थी तो जांच के चलते सरपंच द्वारा पाईप लाईन के सेम्पल नियमानुसार विभाग को अवगत करवाते हुए भिजवाये जाने थे।

3. **जांच रिपोर्ट के बिन्दु संख्या 2 (स) के अनुसार** आरोपी सरपंच द्वारा निजी आहरण (अग्रिम राशि के रूप में) दिनांक 25.04.2016 से 10.10.2018 तक की अवधि में विभिन्न वाउचर्स के जरिऐ कुल उदरत राशि 572784 रूपये का भुगतान प्राप्त किया जिसमें से समीक्षा अवधि में 407273 रूपये ही वापिस जमा करवाये गये। इस प्रकार श्री विनोद कुमार सरपंच से उदरत राशि 165511 रूपये वसूली योग्य है।
4. **जांच रिपोर्ट के बिन्दु संख्या 2(य) के अनुसार** जांच कमेटी द्वारा श्री विनोद कुमार सरपंच को दिये गये मानदेय एवं वास्तविक देय मानदेय का विवरण जांच रिपोर्ट में दर्ज करते हुऐ विभिन्न तिथियों में माह 2/15 से 09/18 तक की अवधि में वास्तविक मानदेय से 255000 –159500 = 95500 रूपये का अधिक भुगतान किया गया है।
5. **जांच रिपोर्ट के बिन्दु संख्या 3 के अनुसार** ग्राम पंचायत गंगूवाला की जांच के दौरान जांचदल द्वारा केशबुक एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेजों का अवलोकन कर वार्षिक गोश्वारा तैयार करते हुऐ निम्न तथ्य वर्णित करते हुऐ अनियमित भुगतान किया जाना माना गया। :–

| क्र.सं. | वित्तीय वर्ष | [illegible] | [illegible] राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | 2015–16 | 31/25.08.15 | 80000 |
| 2. | 2015–16 | 35/21.09.15 | 10000 |
| 3. | 2015–16 | 38/06.11.15 | 2263 |
| 4. | 2015–16 | 43/04.01.16 | 3010 |
| 5. | 2015–16 | 44,02/04.01.16/11.01.16 | 152500 |
| 6. | 2016–17 | 23/26.04.16 | 10 |
| 7. | 2016–17 | 27/17.05.16 | 40 |
| 8. | 2016–17 | 44/21.10.16 | 20 |
| 9. | 2016–17 | 46/30.11.16 | 1182 |
| 10. | 2016–17 | 75/31.03.17 | 28004 |
| | | योग | 277029 |

6. **जांच रिपोर्ट के बिन्दु संख्या 4. के अनुसार** ग्राम पंचायत में निरीक्षण अवधि दिनांक 01.01.2015 से 01.11.2018 तक के दौरान सम्बन्धित ग्राम सेवक से कार्यकाल में कैशबुक की स्थिति के अनुसार जन्म–मृत्यु एवं विवाह पंजियन शुल्क जमा नहीं होना पाया गया, ग्राम पंचायत के पहचान पोर्टल पर ऑनलाईन दर्ज जन्म–मृत्सु एवं विवाह पंजियन का विवरण के आधार पर नियमानुसार सम्बन्धित से 5340/– राशि वसूली योग्य है। पंजियन हेतु जन्म–मृत्यु एवं विवाह पंजियन से सम्बन्धित रजिस्टर ग्राम पंचायत कार्यालय में संधारित नहीं पाया गया।
7. **जांच रिपोर्ट के बिन्दु संख्या 5 के अनुसार** जाँच के दौरान ग्राम पंचायत गंगूवाला में केवल मात्र 1 कार्य का भौतिक सत्यापन किया गया। ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एंव किये गये भौतिक सत्याापन के नाप तौल के आधार पर कार्य की तथ्यात्मक रिपोर्ट सारणी में निम्नानुसार है :–

| क्र.स. | कार्य का नाम | योजना | टी.एस. नं0 | एफ.एस. नं0 | स्वीकृत राशि | व्यय राशि | मुल्यांकन राशि | वसूली राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | इन्टरलोकिंग सड़क निर्माण तारा चन्द के घर से लेकर चौक की ओर 55 आरबी | एस.एफ.सी. (पीएस) 2018–19 | 14380/ 18.07.18 | 14397/ 23.08.18 | श्रम– 95200 सामग्री– 654800 कुल– 750000 | श्रम– 00 सामग्री– 690000 कुल– 690000 | श्रम– 40860 सामग्री– 417137 कुल– 457997 | श्रम– 00 सामग्री– 272863 कुल– 272863 |

1. इस कार्य पेटे पंचायत समिति रायसिंहनगर द्वारा मस्टर रोल नम्बर 26923 से 26925 तक कुल 03 मस्टर रोल दिनांक 26.07.2018 को जारी किये गये, तीनो मस्टर रोलों पर सम्बन्धित विकास अधिकारी के हस्ताक्षर पदनाम की मोहर पर अंकित नहीं है। ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तूत कार्य पत्रावली में तीनों मस्टर रोल खाली पाये गये जिनमें श्रमिकों के नाम एवं हाजरी, भुगतान राशि

और श्रमिकों के हस्ताक्षर वाउचर नम्बर आदि का अंकन नहीं किया गया, ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत रोकड़बही में श्रम पेटे व्यय होना नहीं पाया गया। इसलिए इस कार्य में श्रम पेटे व्यय शुन्य माना जायेगा। इस कार्य में सामग्री पेटे रोकड़ बही के पेज नम्बर 01 दिनांक 24.09.2018 को चैक संख्या 22849 के द्वारा 690000/-रूपये व्यय होना अंकित है इस भुगतान का बैंक से मिलान किया गया। बैंक पास बुक के अनुसार दिनांक 25.09.2018 को भुगतान की पुष्टि होती है।

2. वर्ष 2018-19 के रोकड़बही एवं कार्यालय रिकार्ड के मुताबिक दिनांक 24.09.18 व 09.10.18 को बैंक से 155500/-रुपये सरपंच, सचिव द्वारा नकद आहरित किये गये। एवं दिनांक 24.09.18 को राशि 801474/- के लिए सम्बन्धित फर्म एवं व्यक्तियों को 5 चैक जारी किये गये है। अर्थात कुल 956974/- रुपये राशि व्यय की गई है। इस राशि में 690000/- रुपये उक्त कार्य पेटे महादेव टाईल्स रायसिंहनगर को चैक के माध्यम से दिनांक 24.09.18 को भुगतान किया गया है। उक्त भुगतान सरपंच श्री विनोद कुमार एवं ग्राम सेवक श्री प्रवीण कुमार द्वारा किया गया है। क०स० श्री प्रवीण कुमार को ग्राम पंचायत गंगूवाला में ग्राम विकास अधिकारी के पद का अतिरिक्त कार्यभार दिनांक 18.09.18 को दिया गया। जबकि श्री जगदीश भरूटा पहले से ही ग्राम विकास अधिकारी के पद पर ग्राम पंचायत गंगूवाला में पदस्थापित थे। अवगत रहे कि ग्राम विकास अधिकारी दिनांक 12.09.18 से 06.10.18 तक हड़ताल पर रहे। पंचायत समिति के फिल्ड में पदस्थापित क०स० दिनांक 20.09.18 से 06.10.18 तक हड़ताल पर रहे। पंचायत समिति रायसिंहनगर के मंत्रालिक कर्मचारी दिनांक 25.09.18 से 06.10.18 तक एवं पंचायत समिति रायसिंहनगर में कार्यरत विकास अधिकारी 12.09.18 से 06.10.18 तक हड़ताल अवधि में थे।

इस प्रकार ग्राम पंचायत गंगूवाला में जांचदल द्वारा ग्राम पंचायत के रिकार्ड, दस्तावेजों आदि की जांच की गई एवं कई कार्यो का भौतिक सत्यापन किया गया। उक्त जांच रिपोर्ट के अनुसार सरपंच, सचिव एवं सम्बन्धित व्यक्तियों द्वारा सरकारी राशि का दुरूपयोग किया गया। जिसके चलते अनियमितता, लापरवाही, वसूली एवं गबन आदि के सम्बन्ध में जांच रिपोर्ट तैयार की गई एवं निम्नानुसार बिन्दुवार जांच निष्कर्ष अंकित किया गया :-

| [illegible] | [illegible] | विवरण | [illegible] | [illegible] | [illegible] | वि०वि० |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1 अ | बिल/वाउचर/भुगतान पुष्टि नहीं होने के कारण वसूली/गबन की राशि | 1(1-98) | 01.04.15 से 30.05.18 | [redacted] | गबन के रूप में सम्बन्धित सरपंच, सचिव संयुक्त रुप से उत्तरदायी |
| 2. | 1 ब | कार्य - 110 एमएम एचडीपीई पाईप लाईन बिछाने का कार्य 56 आरबी से 54 आरबी तक। एमएलएलैड 2016-17 | 1 (1) | 21.10.16 से 11.08.17 तक | [redacted] | इस वसूली राशि के लिए पुलिस थाना मुकलावा में एफआईआर नम्बर 178/2017 धारा 409, 420 में सम्बन्धित सरंपच श्री विनोद कुमार एवं सचिव श्री महिपाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज है। तफ्तीश जैरकार है। |
| 3. | 2 स | सरंपच श्री विनोद कुमार द्वारा उदरत लेन-देन सम्बन्धि वसूली राशि | 6 (1-11) 7 (1-3) | 25.04.16 से 10.10.18 एवं 30.04.15 से 30.03.16 तक | [redacted] | सरपंच श्री विनोद कुमार गबन के रुप में नियमानुसार उत्तरदायी होगा। |
| 4. | 2 य | सरपंच श्री विनोद कुमार से अधिशेष मानदेय | 8 (1-10) | 02/2015 से | [redacted] | सरपंच श्री विनोद कुमार गबन के |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वसूली | | 09/2018 तक | [redacted] | रुप में नियमानुसार उत्तरदायी होगा। |
| 5. | 3 | वर्ष 2015–16 से वर्ष 2018–19 के तैयार गोश्वारा के अनुसार रोकड़ बुक में गबन के रुप में वसूली राशि। | 9 से 15 | 25.08.15 से 31.03.17 तक | [redacted] | सरपंच श्री विनोद कुमार एव सचिव श्री प्रवीण कुमार गबन के रुप में नियमानुसार उत्तरदायी होगा।(केशबुक का गबन) |
| 6. | 4 | जन्ममृत्यु एवं विवाह पंजीयन शुल्क वसूली | 16 (1) | 01.01.15 से 01.11.18 तक | [redacted] | सम्बन्धित ग्रामसेवक वसूली के लिए नियमानुसार उत्तरदायी होगा। |
| 7. | 5 | कार्यों के भौतिक सत्यापन पश्चात् मूल्याकंन पेटे वसूली राशि | 17 (1) | 24.09.18 | [redacted] | सम्बन्धित सरपंच श्री विनोद कुमार एवं सचिव श्री प्रवीण कुमार संयुक्त रुप से गबन की राशि के रुप में वसूली के लिए उत्तरदायी होगें। |
| | | | | योग | 3666854 | |

इस प्रकार जांच दल द्वारा जांच प्रतिवेदन में ग्राम पंचायत गंगुवाला पंचायत समिति रायसिंहनगर में कुल वसूली/गबन राशि 3666854/—रुपये मानी गयी एवं इस अनियमित कार्यवाही के लिए श्री विनोद कुमार, सरपंच एवं श्री प्रवीण कुमार कनिष्ठ सहायक आदि सम्बन्धित को संयुक्त रुप से जिम्मेदार माना गया। जांच से सम्बन्धित सरपंच, सचिव व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा अपने–अपने पदों का दुरूपयोग कर सरकारी धनराशि का दुरूपयोग करते हुए भारी अनियमितता व लापरवाही कर सरकारी धन का गबन किया जाना पाया गया।

अतः पंचायत समिति रायसिंहनगर के अधीन ग्राम पंचायत गंगुवाला में विभिन्न बिल/बाउचर, मस्टरोल आदि का रोकड़ बही में बिना बाउचर भुगतान दर्शाना, केशबुक में गबन करना सरपंच द्वारा अग्रिम राशि का उदरत रूप में भुगतान उठाकर, वास्तविक मानदेय से अधिक राशि उठाकर गबन करना तथा ग्राम पंचायत में करवाये गये विभिन्न निर्माण कार्यों में मस्टरोल अपूर्ण होते हुऐ भी अपने–अपने पदों का दुरूपयोग कर पंचायत कोष से भुगतान उठाकर राजकीय राशि 3666854/—रुपये का गबन किया जाना पाये जाने पर आरोपीगण क्रमशः 1. श्री विनोद कुमार, तत्कालीन सरपंच 2. श्री प्रवीण कुमार (कनिष्ठ सहायक) तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत गंगुवाला पंचासत समिति रायसिंहनगर जिला श्रीगंगानगर व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के खिलाफ अपराध अन्तर्गत धारा 13(1),(सी),(डी), 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988, धारा 7 (सी), 13 (1), (ए) सपठित 13 (2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (संशोधित) 2018 एवं धारा 409, 420 एवं 120 बी भादसं. घटित होना पाया गया है। अतः उपरोक्तानुसार आरोपीगणों के विरूद्ध उपरोक्त अपराध में अभियोग पंजीबद्ध करने हेतु बिना नम्बरी प्रथम सूचना रिपोर्ट श्रीमान महानिदेशक महोदय, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान जयपुर की सेवा में प्रेषित है।

भवदीय

(विजेन्द्र कुमार सीला)
पुलिस निरीक्षक
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,
श्रीगंगानगर–द्वितीय

# कार्यवाही पुलिस

प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त टाईप शुदा बिना नम्बरी प्रथम सूचना रिपोर्ट श्री विजेन्द्र कुमार सीला, पुलिस निरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, श्रीगंगानगर-द्वितीय ने प्रेषित की है। मजमून रिपोर्ट से जुर्म अन्तर्गत धारा 13(1)(सी)(डी), 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 एवं 409, 420 एवं 120बी भादंसं तथा धारा 7(सी), 13(1)(ए) सपठित 13(2) पीसी एक्ट (यथा संशोधित 2018) में अभियुक्तगण 1. श्री विनोद कुमार, तत्कालीन संरपच, ग्राम पंचायत गंगुवाला, पंचायत समिति रायसिंहनगर, जिला श्रीगंगानगर 2. श्री प्रवीण कुमार तत्कालीन (कनिष्ठ सहायक), तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी, पंचायत समिति रायसिंहनगर, जिला श्रीगंगानगर एवं अन्य के विरूद्ध घटित होना पाया जाता है। अतः अपराध संख्या 387/2022 उपरोक्त धाराओं में दर्ज कर प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रतियाँ नियमानुसार कता कर तफ्तीश जारी है।

27.9.22
पुलिस अधीक्षक-प्रशासन,
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर।

कमांक:- 3369-75 दिनांक 27.9.2022

प्रतिलिपिः-सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. विशिष्ठ न्यायाधीश एवं सैशन न्यायालय, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, श्रीगंगानगर।
2. अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर।
3. श्रीमान् शासन सचिव एवं आयुक्त, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग राजस्थान, जयपुर।
4. मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद् श्रीगंगानगर।
5. पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, बीकानेर।
6. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, श्रीगंगानगर-द्वितीय।
7. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(परि.), भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर (परि.68/19)

27.9.22
पुलिस अधीक्षक-प्रशासन,
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर।